पत्रांक- 1592 दि० 1/7/2022

**दिनांक–21.06.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों, उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना एवं जिलों के नोडल पदाधिकारियों के साथ हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों एवं डाटा के संबंध में आ रही कठिनाईयों के संबंध में की गई बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः**– यथा संधारित।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा जिला स्तर पर विशेष सर्वेक्षण कार्य में प्रक्रमवार आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों एवं उनसे संबंधित अशुद्ध एवं अपूर्ण डाटा तथा विगत सर्वेक्षण के डाटा प्राप्ति में विलंब और इसके कारण विशेष सर्वेक्षण कार्य में हो रहे विलंब के संबंध में दिनांक– 17.06.2022 को राज्यस्तरीय समीक्षात्मक बैठक में प्रतिवेदन दिया गया था।

उक्त के आलोक में दिनांक– 21.06.2022 निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों, उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना एवं जिलों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा निम्नाकिंत तथ्य प्रतिवेदित किए गएः–

1. भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में जिन खेसरों की प्रविष्टि बिहार सरकार के नाम से की गई है, उसी खेसरे को बगल के खेसरे की चौहद्दी के रूप में प्रदर्शित करते समय अमीन द्वारा खेसरे के जोतदार का नाम लिख दिया जाता है, जिस कारण एक ही खेसरे की प्रविष्टि बिहार सरकार एवं रैयती दोनों में प्रदर्शित होती है, यहाँ चौहद्दी में जोतदार के स्थान पर सरकारी भूमि को ही दर्शाया जाना चाहिए।

2. हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा बन्दोबस्त कार्यालय को उपलब्ध कराए जा रहे Parent Child Relationship Data को बैठक में उपस्थापित किया गया। एजेंसियों द्वारा प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ है कि उपलब्ध कराए जानेवाला डाटा सही है। एजेंसियों द्वारा बताया गया कि बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा इस संबंध में किसी भी खेसरे से जितने भी नये खेसरे बने है, प्रत्येक का रकबा मूल खेसरा के रकबा के साथ मांगा जा रहा है, जिसे उपलब्ध कराया जाना व्यावहारिक दृष्टिकोण से संभव नहीं है। उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना द्वारा भी बताया गया कि इस तरह का डाटा उपलब्ध कराना संभव नहीं है। अतः Excel Sheet में Parent Child Relationship Data दिया जाता है।

3. हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा बताया गया कि बन्दोबस्त कार्यालयों द्वारा पुराने नक्शे के साथ नये नक्शों को Superimpose करते हुए पुराने एवं नये प्रदर्शित खेसरों के रकबा की मांग और बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा की जा रही है, जिसे उपलब्ध कराया जा रहा है।

4. हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा बताया गया कि जिला बन्दोबस्त कार्यालय के मांग के अनुरुप Excel Sheet में Parent Child Relationship Data या नक्शों को Superimpose मैप उपलब्ध कराया जा रहा है।

5. उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना द्वारा बताया गया कि सभी जिला बन्दोबस्त कार्यालय को रिविजनल / कैडेस्ट्रल खेसरावार रकबा संबंधी डाटा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिन जिलों को डाटा उपलब्ध नहीं हो पाया है, वे बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना से प्राप्त कर सकते है।

6. हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा लंबित विपत्रों के यथाशीघ्र भुगतान करने का अनुरोध किया गया। हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS) के प्रतिनिधि द्वारा बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में चल रहे मानचित्रों के डिजिटाईजेशन संबंधी कार्य के लिए अमीनों की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया गया।

निदेशित किया गया कि सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी जिलों एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें की बन्दोबस्त कार्यालयों द्वारा हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से अलग–अलग जिलों द्वारा किस तरह के डाटा एवं मानचित्र की मांग की जा रही है एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा क्या उपलब्ध कराया जा रहा है। यदि कोई डाटा या कार्य हवाई सर्वेक्षण के स्तर से किया जाना व्यावहारिक दृष्टिकोण संभव नहीं हो तो इस संबंध में जिलों को स्पष्ट रूप से प्रतिवेदित किया जाए। बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना के स्तर से सभी बन्दोबस्त कार्यालयों को विगत सर्वेक्षण के जो भी उपलब्ध डाटा है, उन्हें आवश्यकता एवं मांग के अनुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के सभी लंबित विपत्रों की समीक्षा कर यथाशीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

1/7/22

**(जय सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक:** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1592...... **पटना, दिनांक:** 1/7/2022

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक:** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II......1592...... **पटना, दिनांक:** 1/7/2022

**प्रतिलिपि** :– जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II........1592........ **पटना, दिनांकः** 1/7/2022

**प्रतिलिपिः–** सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II........1592........ **पटना, दिनांकः** 1/7/2022

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019-Part-II........1592........ **पटना, दिनांकः** 1/7/2022

**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप